कार्यालय, प्राचार्य ,राजकीय कन्या महाविद्यालय,चौमूँ ,(जयपुर)

क्रमांक : रा.क.म.चौ./2021/.....

दिनांक : 10-1-2022

सूचना

महाविद्यालय की समस्त नियमित छात्राओं को सूचित किया जाता है कि राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केन्द्र के तहत दिनांक 11.01.2022 को ' "Career in LIC" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। सभी छात्राएं कोविड प्रोटोकॉल की अनुपालना सुनिश्चित् करते हुए सेमीनार हॉल में प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होवें।

प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय
चौमूँ(जयुपर)

कार्यालय, प्राचार्य ,राजकीय कन्या महाविद्यालय,चौमूँ ,(जयपुर)

पॉवर हाऊस के पीछे, मोरीजा रोड़, चौमूँ (जयपुर) 303702, राजस्थान

Website: https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcchomu

email : ggc_chomu@yahoo.com, ggcchomu99@gmail.com Ph : 01423-223224

क्रमांक : रा.क.म.चौ./2022/.....

दिनांक : 11.01.2022

प्रेस नोट

राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं में आज दिनांक 11 /1 /2022 को राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केंद्र के तहत करियर इन LIC विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया । श्री शिव शंकर क़ानूनगों, LIC में वित्तीय विशेषज्ञ इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए उन्होंने छात्राओं से वार्ता के दौरान बीमा के विभिन्न क्षेत्रों एवं आयामों के बारे में बताया उन्होंने बीमा क्षेत्र में रोज़गार के अनेक अवसरों एवं उनको कैसे प्राप्त किया जा सकता है विषय पर जानकारी साझा की उन्होंने बीमा क्षेत्र को असीम अवसरों से परिपूर्ण एवं उभरते हुए व्यापार के परिपेक्ष्य में प्रस्तुत किया है ।साथ ही छात्राओं को वित्तीय सलाहकार बनाने एवं बीमा क्षेत्र में विद्यमान् रोज़गार अवसरों से ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया यह व्याख्यान परस्पर संवादात्मक रहा जिसमें सभी छात्राओं ने अपने प्रश्नों द्वारा सहभागिता दिखाती कार्यक्रम का संचालन राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केंद्र की संयोजक डॉक्टर उषा परनामी ने की । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर. एस. पी॰ गुप्ता ने छात्राओं को महाविद्यालय में आयोजित व्याख्यानों से लाभ अर्जित करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित डॉक्टर नरेश कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया। डॉक्टर अभिलाषा ज़ैमन, शाहीना परवीन एवं डॉक्टर रेनू बाला द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन में सहभागिता दर्ज कराई गई।

प्राचार्य

राजकीय कन्या महाविद्यालय

चौमूँ (जयपुर)

निःशुल्क प्रकाशनार्थ

दैनिक स्वदेशी गरिमा

राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केंद्र के तहत मोती निर्माण

स्वदेशी गरिमा

चौमूं। शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केंद्र के तहत मोती निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिव गोरख पर्ल फार्मिंग ट्रेनिंग सेंटर कुशलपुरा बांसा के संचालक अमित शर्मा ने सीप से मोती निर्माण की जानकारी देते हुए सीप में न्यूक्लियस प्रवेश कराने हेतु टैंक तालाब निर्माण, उसमें पानी की गुणवत्ता जांच एवं ताप नियंत्रण, शैवाल निर्माण, प्रजनन तथा सर्जरी से मोती प्राप्त करने जैसे महत्वपूर्ण चरणों की जानकारी दी। शर्मा ने तीन मोती प्राकृतिक मोती में अंतर करना सिखाया उन्होंने बताया कि मोती निर्माण प्रक्रिया के साथ मछली पालन भी किया जा सकता है। इस प्रकार मोती निर्माण में यह एक सहायक होने के साथ साथ आय का स्रोत भी हो सकता है महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य श्रीमती अनीता मीणा ने छात्राओं को स्वरोजगार के लिए इसे बहुत उपयोगी बताया राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केंद्र की संयोजक डॉ. उषा परनामी ने छात्राओं को भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्यशाला मे उत्साह पूर्वक भाग लेने हेतु आग्रह किया। डॉ अमिता अधिकारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ नरेश अग्रवाल ने कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. दीपाली जैन, डॉ. अनुपमा जौहरी, डॉ. अलका त्रिपाठी, डॉ माधुरी गोस्वामी, श्रीमती राजेश्वरी राठौर, डॉ.अभिलाषा जैमन एवं तकनीकी सहायक शिव कुमार सैनी ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया एवं सहयोग दिया।

कुंभ मेले की अवधि को तीस अप्रेल तक सीमित किया

स्वदेशी गरिमा

सवाई माधोपुर। उत्तराखंड शासन द्वारा हरिद्वार में आयोजित कुंभ मेले आयोजन की अवधि को सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की अनुशंषा के क्रम में सीमित करते हुए दिनांक 1 अप्रेल से 30 अप्रेल 2021 के मध्य निर्धारित किया गया है।

राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केंद्र के तहत मोती निर्माण कार्यशाला का आयोजन

चौमूं/लोकमत। मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केंद्र के तहत मोती निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिव गोरख पर्ल फार्मिंग ट्रेनिंग सेंटर कुशलपुरा बांसा के संचालक श्री अमित शर्मा ने सीप से मोती निर्माण की जानकारी देते हुए सीप में न्यूक्लियस प्रवेश कराने हेतु टैंक तालाब निर्माण, उसमें पानी की गुणवत्ता जांच एवं ताप नियंत्रण, शैवाल निर्माण, प्रजनन तथा सर्जरी से मोती प्राप्त करने जैसे महत्वपूर्ण चरणों की जानकारी दी। शर्मा ने तीन मोती प्राकृतिक मोती में अंतर करना सिखाया उन्होंने बताया कि मोती निर्माण प्रक्रिया के साथ मछली पालन भी किया जा सकता है। इस प्रकार मोती निर्माण में यह एक सहायक होने के साथ साथ आय का स्रोत भी हो सकता है महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य श्रीमती अनीता मीणा ने छात्राओं को स्वरोजगार के लिए इसे बहुत उपयोगी बताया राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केंद्र की संयोजक डॉ. उषा परनामी ने छात्राओं को भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्यशाला मे उत्साह पूर्वक भाग लेने हेतु आग्रह किया। डॉ अमिता अधिकारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ नरेश अग्रवाल ने कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. दीपाली जैन, डॉ. अनुपमा जौहरी, डॉ. अलका त्रिपाठी, डॉ माधुरी गोस्वामी, श्रीमती राजेश्वरी राठौर, डॉ.अभिलाषा जैमन एवं तकनीकी सहायक शिव कुमार सैनी ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया एवं सहयोग दिया।

कंप्यूटर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं - सैनी

जयपुर टाइम्स

चौमूं(निसं.)। स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. शंभू दयाल गुप्ता की अध्यक्षता में युवा कौशल उद्यमिता एवं रोजगार परामर्श केंद्र के तत्वाधान में एक व्याख्यान कंप्यूटर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषय पर आयोजित किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता शिव सैनी कंप्यूटर अनुदेशक थे। इन्होंने अपने व्याख्यान में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंप्यूटर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर के विषय में बताते हुए कहा कि जिस समय कंप्यूटर की शुरुआत हुई। तब लोगों ने इस संभावना के कारण कंप्यूटर का विरोध किया कि इसके प्रयोग से बेरोजगारी बढ़ जाएगी। लेकिन आज इस कंप्यूटर के कारण ही रोजगार की अपार संभावनाएं पैदा हो रही हैं। कंप्यूटर का क्षेत्र रोजगार

की दिशा में कार्य करने वाला ऐसा क्षेत्र है, जिसमें कभी मंदी की कोई संभावना नहीं रहेगी। इन्होंने बताया कि कंप्यूटर के क्षेत्र में विभिन्न कोर्सेज के विषय में बताया जैसे टैली कंप्यूटर बीसीए, एमसीए, वेब डिजाइन कोडिंग लैंग्वेज, डिजिटल मार्केटिंग कोर्स आदि के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए इसके माध्यम से न केवल सरकारी क्षेत्र अपितु निजी एम स्वयं के व्यवसाय में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। छात्राओं को अपने रूचि के अनुसार इन कोर्सेज को चुनना चाहिए और कंप्यूटर के कंप्यूटर के विभिन्न कोर्स करके विभिन्न प्रकार के रोजगार प्राप्त करने के प्रयास करने चाहिए। इस अवसर पर इस क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. तौफीक हुसैन ने शिव सैनी का स्वागत एवं अभिनंदन किया और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। व्याख्यानमाला में क्लब के सदस्य राजेश्वरी देवी राठौड़, अभिलाषा, डॉ. सांवरमल जाट, शाहीना परवीन, नीलम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

कौशल प्रशिक्षण जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

चौमू(निसं.)। मोरीजा गेट स्थित स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय में कौशल विकास उद्यमिता एवं रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. शंभू दयाल गुप्ता की अध्यक्षता में कौशल प्रशिक्षण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए डॉ. शंभू दयाल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को केवल सरकारी नौकरियों के पीछे भागने के बजाय अपना कौशल विकसित कर स्वयं का व्यवसाय करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कौशल विकास उद्यमिता एवं रोजगार क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. तौफीक हुसैन ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को प्रशिक्षण द्वारा अपने कौशल को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया एवं इन्होंने बताया कि लर्निंग के द्वारा ही अर्निंग की जा सकती है। इस अवसर पर आईसीआई अकैडमी के ट्रेनर श्रीमती निशा शर्मा एवं श्रीमती पूनम ने छात्राओं को एकेडमी द्वारा निशुल्क संचालित की जाने वाले प्रशिक्षण की विषय में बताया और छात्राओं को निशुल्क प्रशिक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. कविता गौतम, डॉ. शाहीना परवीन, डॉ. नीलम शर्मा , डॉ. अभिलाषा जैमन, डॉ. अलका त्रिपाठी, डॉ. मीनाक्षी जैन एवं कंप्यूटर अनुदेशक शिव सैनी उपस्थित रहे।

युवा कौशल प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ऑन लाईन शिक्षण पर हुआ व्याख्यान

श्याम पाराशर (हिंदुस्तान केसरी)

चौमू मोरीजा रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में युवा कौशल एवं उद्यमिता प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय ब्रह्मपुरी की प्राचार्य डॉ. सुमन भाटिया का ऑनलाईन शिक्षण की चुनौतियां एवं समाधान विषय पर व्याख्यान हुआ।

डॉ. भाटिया ने अपने उद्बोधन में ऑन लाईन शिक्षण से सम्बन्धित विभिन्न प्लेटफार्मो से छात्राओं को अवगत करवाते हुये कोरोना माहमारी के मध्यनजर ऑन लाइन शिक्षण की अनिवार्यता पर बल देते हुये इसका लाभ उठाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। इन्होने अध्यापन को इंटरएक्टिव बनाते हुये इसमें छात्राओं की भागीदारी को



आवश्यक बताया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस.डी गुप्ता ने छात्राओं को महाविद्यालय में लाईब्रेरी के डिजिटलाईजेशन का लाभ उठाने और ढ्ढहृस्रस्ढ्ढक्क हृश्वञ्ज ऑनलाईन लाईब्रेरी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने हेतु प्रेरित किया।

डॉ. सुमन शर्मा ने इस प्रकार के कार्यक्रमों की महत्वता पर प्रकाश डाला। युवा कौशल प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. तौफीक हुसैन ने कार्यक्रम में लिए आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. कविता गौतम, डॉ. उषा परनामी, शाहीना परवीन, डॉ. हंसा लूनायच, डॉ. राजेश्वरी देवी राठौड, डॉ. नीलम शर्मा, शिव सैनी आदि मौजूद थे।--